निशिथ प्रामाणिक
NISITH PRAMANIK

गृह राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
HOME AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA

04 SEP 2023



## संदेश

मुझे यह जानकर हर्ष हो रहा है कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह "**दिनकर**" की 115वीं जयंती के अवसर पर "**विश्व हिंदी परिषद**" द्वारा दिनाँक 20 व 21 सितंबर, 2023 को विज्ञान भवन सभागार, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर एक स्मारिका का प्रकाशन भी प्रस्तावित है।

नि:संदेह, माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रभावशाली नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और माननीय गृह मंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में मातृभाषा हिंदी के संवर्धन की दिशा में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं, जिसकी वजह से हिंदी आज वैश्विक भाषा बनने की ओर अग्रसर है। "विश्व हिंदी परिषद" द्वारा इस सम्मेलन के माध्यम से राष्ट्रकवि "दिनकर" की स्मृति में उनके महत कार्यों को पुन: याद करने का यह प्रयास, जिसमें देश-विदेश के प्रख्यात लेखक, पत्रकार, शिक्षक व शोधार्थी एवं शिक्षा जगत से जुड़े विभिन्न विद्वान एवं साहित्यकार अपने-अपने अनुभव साझा करेगें, अत्यंत ही सराहनीय है।

मुझे विश्वास है कि इस प्रकार के सम्मेलनों के आयोजन से जन-जन में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा विद्वानों व साहित्यकारों द्वारा साझा किए गए अनुभव ज्ञानवर्धक सिद्ध होगें। साथ ही, ऐसे प्रकाशन से हिंदी के प्रचार-प्रसार को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

मैं इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन की कामना करता हूँ एवं विश्व हिंदी परिषद से जुड़े सभी पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूँ।

**(निशिथ प्रामाणिक)**

Office : Room No. 127-A, North Block, New Delhi-110 001 Tel. : 23092123 Fax : 23093143
E-mail : mos.home@mha.gov.in